web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Social Justice Union
Govt. Registered

# दैनिक न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 12 सितंबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 344

## महत्वपूर्ण एवं खास

### महारानी के निधन पर ऑस्ट्रेलिया में सार्वजनिक अवकाश

**कैनबरा।** आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की याद में 22 सितंबर को राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। अल्बानीज़ ने रविवार को सोशल मीडिया पर कहा,22 सितंबर को महारानी के लिए राष्ट्रीय शोक दिवस के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा। शाही परिवार ने कहा कि महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का अंतिम संस्कार 19 सितंबर को वेस्टमिंस्टर एब्बे में किया जाएगा, जिसमें ब्रिटिश शाही परिवार और विदेशी गणमान्य लोग शामिल होंगे। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अल्बनीज अंतिम संस्कार समारोह में शामिल होंगे। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री ने कैनबरा में संसद भवन में महारानी एलिजाबेथ द्वितीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। गौरतलब है कि गुरुवार शाम को बकिंघम पैलेस ने घोषणा की कि 70 से अधिक वर्षों तक ब्रिटेन पर शासन करने वाली महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का स्कॉटलैंड के बाल्मोरल महल में 96 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके सबसे बड़े बेटे, चार्ल्स तृतीय तुरंत ब्रिटेन के नए राजा बन गए। आधिकारिक समारोह लंदन के सेंट जेम्स पैलेस में हुआ जिसमें औपचारिक रूप से चार्ल्स को ब्रिटेन का नया राजा घोषित किया गया।

### पीएम मोदी ने कृष्णम राजू के निधन पर शोक जताया

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार दिग्गज टॉलीवुड अभिनेता कृष्णम राजू के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। मोदी ने ट्वीट करके अपने शोक संदेश में कहा कि वह दिग्गज अभिनेता के निधन से दुखी हैं। उन्होंने कहा , यूवी कृष्णम राजू गारू के निधन से दुखी हूं। आने वाली पीढ़ी उनकी सिनेमाई प्रतिभा और रचनात्मकता को याद रखेगी। वह समाज सेवा में भी सबसे आगे थे और एक राजनीतिक नेता के रूप में अपनी पहचान बनाई। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना। शांति। अभिनेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजू का आज तडक़े यहां एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी और तीन बेटियां हैं।प्रशंसकों और तेलुगु उद्योग के बीच अपनी विद्रोही अभिनय शैली के लिए 'विद्रोही स्टार' के रूप में लोकप्रिय राजू स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। उनका गच्चीबौली के एआईजी अस्पतालों में इलाज चल रहा था जहां तडक़े तीन बजकर 25 मिनट पर उनका निधन हो गया।

### इराक में हवाई हमले में आईएस के 11 आतंकवादी ढेर

**बगदाद ।** पश्चिमी और पूर्वी इराक में शनिवार को किए गए हवाई हमले में इस्लामिक स्टेट (आईएस) के 11 आतंकवादी मारे गए। इराकी सेना ने यह जानकारी दी। इराकी ज्वाइंट ऑपरेशंस कमांड (जेओसी) ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा कि पश्चिमी इराक के अनबर प्रांत के अल-जल्लैयात इलाके में किए गए हवाई हमले में एक स्थानीय नेता सहित सात आतंकवादी मारे गए और एक ठिकाना नष्ट हो गया। जेओसी ने एक अलग बयान में कहा कि इराक के पूर्वी प्रांत दियाला में इराकी विमान ने खुफिया रिपोर्टों पर कार्रवाई की और हिमरीन झील के तट पर आईएस के ठिकाने पर दो हवाई हमले किए, जिसमें तीन आतंकवादी मारे गए। आतंकियों के ठिकाने की तलाशी लेने वाले सशस्त्र बलों के साथ टकराव में आईएस का एक अन्य आतंकवादी मारा गया। सैनिकों ने तीन मोटरसाइकिलों, विस्फोटक उपकरणों और विस्फोटकों से भरे बैरल को भी नष्ट कर दिया। इराकी सुरक्षा बलों ने पिछले कुछ महीनों में चरमपंथी उग्रवादियों की तीव्र गतिविधियों पर कार्रवाई की है। 2017 में आईएस की हार के बाद से इराक में सुरक्षा की स्थिति में सुधार हो रहा है।

### ब्राजील : नर्सिंग होम में आग लगने से 6 की मौत, 2 घायल

**साओ पाउलो।** ब्राजील के साओ पाउलो के पूर्वी हिस्से में एक नर्सिंग होम में आग लगने से छह लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। साओ पाउलो दमकल विभाग के प्रवक्ता आरोन बारबोसा ने कहा कि आग सबसे पहले एक डाइनिंग रूम में लगी और फिर दूसरे कमरों में फैल गई, जिसमें पांच बुजुर्ग और एक स्टाफ मेंबर की मौत हो गई। लार दा वोवो नाम के इस नर्सिंग होम के पास सैनिटरी ऑपरेशन परमिट नहीं था और यह अग्निशमन विभाग के प्राधिकरण के बिना ही चल रहा था। आसपास के लोगों ने कहा कि वे नर्सिंग होम के संचालन से अनजान थे।

# इंडिया गेट के पास लगे संकेतक बोर्ड से राजपथ का नाम हटाया गया

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में राजपथ का नाम बदलकर 'कर्तव्य पथ' किये जाने के बाद इंडिया गेट के आसपास लगे संकेतक बोर्ड से राजपथ का नाम हटा दिया गया है।

नयी दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा हाल ही में सात सितंबर की विशेष बैठक में ऐतिहासिक सडक़ का नाम बदलने को मंजूरी देने का नोटिस जारी करने के बाद यह कदम उठाया गया है।

इंडिया गेट के चारों ओर हरे रंग की पृष्ठभूमि और सफेद अक्षरों वाले संकेतक बोर्ड स्टील के खंभे पर लगाए गए हैं। शुक्रवार रात एक खंभे पर दो मार्ग- शेर शाह सुरी मार्ग और डा. जाकिर हुसैन मार्ग के नाम थे, जबकि राजपथ का नाम हटा दिया गया था। साथ ही अन्य बोर्ड से भी राजपथ का नाम हटा दिया गया था।



एनडीएमसी के सूत्रों ने कहा कि संकेतक बोर्ड से राजपथ को हटाने का काम पुनर्विकास परियोजना पर काम कर रहे प्राधिकारियों द्वारा आधिकारिक मंजूरी के बाद किया जा रहा है। इसे बदलकर कर्तव्य पथ किया जाएगा।

नये नाम 'कर्तव्य पथ' वाले बड़े संकेतक बोर्ड सडक़ों पर लगाए गए हैं। कई युवा कर्तव्य पथ वाले नये संकेतक बोर्ड के साथ सेल्फी लेते देखे गए।

एक अधिकारी ने कहा, पुराने राजपथ पर कर्तव्य पथ (चार भाषाओं में) वाले ये नये हरे बोर्ड सेंट्रल विस्टा परियोजना के अधिकारियों द्वारा एक 'थीम' के अनुरूप लगाए गए हैं।

अंग्रेजों के शासन के दौरान राजपथ को किंग्सवे के नाम से जाना जाता था, जबकि जनपथ को क्वींसवे के नाम से जाना जाता था। आजादी के तुरंत बाद दोनों ऐतिहासिक सडक़ों का नाम बदल दिया गया था।

केंद्रीय विदेश एवं संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने सात सितंबर को कहा था, आजादी के 75 साल बाद, ऐसा महसूस किया गया है कि राजपथ का नाम लोकतंत्र के मूल्यों और सिद्धांतों एवं एक समकालीन नये भारत के अनुरूप बदलने की जरूरत है। 'कर्तव्य पथ' उन सभी को भी प्रेरित करेगा जो देश, समाज और अपने परिवारों के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए सडक़ पर जाते हैं या उसे पार करते हैं।

लेखी एनडीएमसी की सदस्य भी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आठ सितंबर को कर्तव्य पथ का उद्घाटन किया था और इसे नौ सितंबर से जनता के लिए खोल दिया गया था। उन्होंने लोगों से इसके साथ सेल्फी लेने और इसे सोशल मीडिया पर अपलोड करने का आग्रह किया था।

# भारतीय नौसेना ने युद्धपोत 'तारागिरि' का जलावतरण किया

**मुंबई (आरएनएस)।** भारतीय नौसेना ने परियोजना 17-ए के तहत बने तीसरे युद्धपोत 'तारागिरि' का रविवार को मुंबई में जलावतरण किया। मझगाव डाक शिपबिल्डर्स (एमडीएल) ने बयान जारी करके यह जानकारी दी।



बयान में कहा गया कि यह युद्धपोत एक एकीकृत निर्माण पद्धति का उपयोग करके बनाया गया है। एमडीएल ने कहा, गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुपालन में, भारत सरकार ने 11 सितंबर को राजकीय शोक घोषित किया (महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के निधन के कारण), यह कार्यक्रम एक तकनीकी लॉन्च तक सीमित था। चूंकि यह कार्यक्रम ज्वार पर निर्भर था, इसलिए तय कार्यक्रम में बदलाव संभव नहीं था।

युद्ध पोत का नाम नेवी वाइव्स वेलफेयर ऐसोसिएशन (पश्चिमी क्षेत्र) की अध्यक्ष चारु सिंह, वाइस एडमिरल अजेंद्र बहादुर सिंह, एफओसी-इन-सी पश्चिमी नौसेना कमान, की पत्नी ने रखा। अजेंद्र बहादुर इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे।

तारागिरि का निर्माण 10 सितंबर, 2020 को शुरू किया गया था और इसकी आपूर्ति अगस्त 2025 तक होने की उम्मीद की जा रही है। इस पोत को 3,510 टन के अनुमानित भार के साथ लॉन्च किया गया। है। इसे भारतीय नौसेना के इन-हाउस डिजाइन संगठन, ब्यूरो ऑफ नवल डिजाइन द्वारा डिज़ाइन किया गया है। एमडीएल ने जहाज के विस्तृत डिजाइन और निर्माण का काम किया है, जिसकी देखरेख युद्धपोत निगरानी दल (मुंबई) भी करता है। बयान में कहा गया है कि परियोजना 17ए का कुल मूल्य लगभग 25,700 करोड़ रुपये है। प्रोजेक्ट 17 ए का पहला जहाज नीलगिरी, 28 सितंबर, 2019 को लॉन्च किया गया था और वर्ष 2024 की पहली छमाही में इसका समुद्री परीक्षण अपेक्षित है।

इस परियोजना के तहत दूसरे युद्धपोत उदयगिरी को इस साल 17 मई को लॉन्च किया गया था और इसका समुद्री परीक्षण वर्ष 2024 की दूसरी छमाही में होने की उम्मीद है। बयान के मुताबिक इस परियोजना के तहत चौथे और अंतिम युद्धपोत का निर्माण 28जून को शुरू किया गया।

# डिजाइनर बेल्ट में छुपाया था 5.38 करोड़ रुपए का सोना, एयरपोर्ट पर कस्टम विभाग ने पकड़ा

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** महाराष्ट्र के मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे पर कस्टम अधिकारियों ने सोने की तस्करी के आरोप में 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 12 किलोग्राम सोना बरामद हुआ है, जिनकी कीमत 5.38 करोड़ रुपये बतायी जा रही है। सोने की तस्करी के आरोप में एक सूडान का नागरिक भी शामिल है।





अधिकारी ने कहा, मुंबई एयरपोर्ट कस्टम्स के अधिकारियों ने सूडानी यात्री द्वारा पहने गई डिजाइनर बेल्ट से 5.38 करोड़ रुपये मूल्य का 12 किलोग्राम सोना जब्त किया। कुछ यात्रियों ने उसके भागने में मदद करने के लिए हंगामा किया, लेकिन वक्त रहते इस पर काबू पा लिया गया। हमने 6 लोगों को हिरासत में लिया है।

अधिकारी ने बताया कि माल को गुप्त रूप से एयरपोर्ट से निकालने के इरादे से आरोपी ने रेड चैनल पर 12 किलो वजनी उक्त बरामद सोने को अधिकारियों के सामने पेश नहीं किया। अधिकारी ने कहा, इसलिए, उस बरामद माल को सीमा शुल्क अधिनियम की धारा 110 के तहत जब्त कर लिया गया। हमने इस संबंध में सोने की तस्करी का मामला दर्ज किया है।

# उड़ीसा से तस्करी कर राजस्थान लाई जा रही गांजे की खेप पकड़ाई

**जयपुर (आरएनएस)।** सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम ने मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए भीलवाड़ा जिले के कारोई थाना क्षेत्र में कार सवार 3 अंतर राज्य तस्कर भगतपुरिया थाना बागोर जिला भीलवाड़ा निवासी रविंद्र सिंह पुत्र माधु सिंह (25) एवं बक्शु लाल जाट पुत्र जोधराज (25) एवं सतखण्डा थाना निंबाहेड़ा जिला चित्तौडग़ढ़ निवासी मोहन लाल उर्फ बबलू नायक पुत्र दयाराम (25) को गिरफ्तार कर उच्च क्वालिटी का 44.35 किलो गांजा बरामद किया है। जब्त किये गये गांजे की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 8 लाख रुपये है।

**तीन तस्कर गिरफ्तार**



एडीजी क्राइम डॉ रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर उड़ीसा से मादक पदार्थ गांजे की तस्करी कर राजस्थान ला रहे थे। जिनके बारे में मुखबिर से सूचना मिलने पर क्राइम ब्रांच के डीएसपी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ के सुपरविजन एवं इंस्पेक्टर शिवदास मीणा के नेतृत्व में टीम को चित्तौडग़ढ़ और भीलवाड़ा की तरफ रवाना किया गया। सूचना के अनुसार तस्करों की कार की पहचान कर पीछा किया गया। भीलवाड़ा जिले के कारोई थाना क्षेत्र में स्थानीय पुलिस के सहयोग से तस्करों की कार को टीम ने रोक लिया।

एडीजी ने बताया कि कार की तलाशी में कार के नीचे स्टेपनी लगाने वाली जगह पर बनाएं गुप्त चैम्बर से 14 पैकेट में 44 किलो 351 ग्राम उच्चतम क्वालिटी का गांजा मिला। जिसे कारोई थाना पुलिस द्वारा जप्त कर कार सवार तस्कर रविंद्र सिंह, बक्शु लाल जाट एवं मोहन नायक को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। जिनसे थाना पुलिस द्वारा अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है।

एडीजी डॉ मेहरड़ा ने बताया कि गिरफ्तार तस्कर भंवर लाल जाट एवं राम सिंह चूडावत शातिर तस्कर है। जिन्होंने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि वे पहले भी अन्य राज्यों से अवैध मादक पदार्थ तस्करी कर राजस्थान में सप्लाई करते रहे हैं। कई बार पुलिस को चकमा देने में कामयाब रहे हैं।

एडीजी ने बताया कि सीआईडी क्राइम ब्रांच की टीम इन तस्करों पर लंबे समय से नजर रख रही थी। रविवार को जैसे ही आरोपी तस्कर गांजे की तस्करी कर राजस्थान लाये, टीम ने इन्हें दबोच लिया।

# जेईई एडवांस्ड 2022 का रिजल्ट घोषित, आईआईटी बॉम्बे जोन के आरके शिशिर ऑल इंडिया टॉपर

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जेईई एडवांस्ड 2022 के परिणामों की घोषणा कर दी गई है। जेईई (एडवांस्ड) 2022 के पेपर 1 और 2 दोनों में कुल 1,55,538 उम्मीदवार उपस्थित हुए। इनमें से 40,712 उम्मीदवारों ने जेईई एडवांस्ड टेस्ट क्वालिफाई किया है। आईआईटी बॉम्बे जोन के आरके शिशिर कॉमन रैंक लिस्ट में पहले स्थान पर हैं। शिशिर ऑल इंडिया टॉपर हैं। टॉपर आरके शिशिर ने 360 अंकों में से 314 अंक प्राप्त किए हैं। जेईई एडवांस्ड के नतीजों के आधार पर अब देश भर के 23 आईआईटी संस्थानों में दाखिला प्रक्रिया शुरू होगी। जेईई एडवांस्ड 2022 क्वालिफाई करने वाले छात्रों को आईआईटी मेरिट लिस्ट के आधार पर दाखिला दिया जाएगा।



जेईई एडवांस्ड 2022 की यह परीक्षा क्वालीफाई करने वाले कुल उम्मीदवारों में से 6516 छात्राएं हैं। आईआईटी दिल्ली जोन की तनिष्का काबरा कॉमन रैंक लिस्ट में 16वें स्थान पर होने के साथ महिलाओं की रैंकिग में शीर्ष पर हैं। तनिष्का ने जेईई एडवांस्ड परीक्षा में 360 में से 277 अंक प्राप्त किए हैं। वहीं विदेशी छात्रों की बात करें तो जेईई एडवांस्ड की परीक्षाओं के लिए 296 विदेशी छात्राओं ने अपना पंजीकरण कराया था। इनमें से 280 छात्र परीक्षाओं में शामिल हुए और कुल 145 छात्रों ने यह परीक्षा क्वालीफाई की है।

जेईई एडवांस्ड 12वीं कक्षा के बाद होने वाली देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षाओं में एक है। दरअसल लाखों मेधावी छात्र हर साल 'आईआईटी' जैसे प्रीमियम इंस्टिट्यूट में दाखिला लेने का सपना देखते हैं और जेईई एडवांस्ड देश भर के 23 विभिन्न आईआईटी संस्थानों में दाखिले का बिग टिकट है।

जेईई एडवांस्ड परीक्षा में टॉप 10 की लिस्ट में जिन छात्रों के नाम शामिल हैं उनमें आरके शिशिर टॉपर हैं। पोलू लक्ष्मी साईं दूसरे नंबर पर, थॉमस बीजू तीसरे नंबर पर, वंगापल्ली साईं सिद्धार्थ चौथे नंबर पर और आईआईटी दिल्ली जोन के मयंक मोटवानी पांचवे नंबर पर आए। पॉलिशेट्टी कार्तिकेय छठे स्थान पर, प्रतीक साहू सातवें, धीरज कुरुकुंडा ऑल इंडिया रैंक में आठवें स्थान पर, माहित नौवें स्थान पर और वेचा घाना महेश ने दसवां स्थान हासिल किया है।

इस वर्ष जेईई मेंस की परीक्षा में सबसे बेहतर प्रदर्शन सीबीएसई बोर्ड के छात्रों का था। जेईई मेंस के नतीजे बताते हैं कि इन परीक्षाओं में सीबीएसई के छात्र सबसे आगे रहे हैं। जेईई मेंस की परीक्षाओं में जिन शिक्षा बोर्ड के छात्रों ने सबसे बेहतर प्रदर्शन किया था उनमें सीबीएसई, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र और राजस्थान शामिल हैं।

# यूपी में नाबालिग लड़की से गैंगरेप के आरोप में पांच गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी (आरएनएस)।** दलित नाबालिग से कथित सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। घटना बीती देर रात लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के अंतर्गत की है।



ये घटना तब हुई जब लडक़ी दूसरे घर में रहने वाली अपनी दादी को रात के खाना के लिए पूछने गई थी। बच्ची गंभीर हालत में घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी।

लडक़ी को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया और फिर इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया गया, जबकि उसके भाई ने पुलिस में पांच लोगों का नाम लेकर शिकायत दर्ज कराई।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अरुण कुमार सिंह ने बताया कि, पीड़िता के भाई की शिकायत के आधार पर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सभी आरोपी उसी गांव के रहने वाले हैं जहां घटना हुई थी।

# जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज का 99 साल की उम्र में निधन

**नरसिंहपुर,मध्यप्रदेश (आरएनएस)।** द्वारका और शारदा पीठ के शंकराचार्य जगदगुरू स्वामी स्वरूपानंद महाराज ने रविवार को 99 वर्ष की आयु में नरसिंहपुर के गोटेगांव में स्थित झोतेश्वर के परमहंसी गंगाआश्रम में अंतिम स्वांस ली।



महाराज श्री ने विगत 30 अगस्त को अपना 99 वां जन्मदिन मनाया था। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। उनका जन्म दीघोरी गांव के ब्राह्मण कुल में हुआ था। वे सुशिक्षित और वेदों, शास्त्रों में पारंगत विद्वान थे।बताया जाता है कि उनका जन्म उपाध्याय कुल में एक गरीब परिवार में हुआ।1950 में उन्होंने दंडी दीक्षा ग्रहण की थे।उन्होंने 9 वर्ष की आयु में घर छोड़ दिया था। उन्होंने स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़ चढ़ कर भाग लिया और जेलों में रहे।

महाराज जी को कल शाम 3 से 4 बजे के बीच झोतेश्वर में समाधि दी जाएगी। तब तक उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन कर सकेंगे। महाराज श्री विभिन्न राजनीतिक दलों कई राजनेताओं के गुरु भी थे।

**पीएम मोदी ने शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के निधन पर शोक व्यक्त किया-** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने द्वारका शारदा पीठ शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।

एक ट्वीट में प्रधानमंत्री ने कहा कि द्वारका शारदा पीठ के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी के निधन से अत्यंत दुख हुआ है। शोक के इस समय में उनके अनुयायियों के प्रति मेरी संवेदनाएं। ओम शांति!

**स्वामीनारायण मंदिर पूरे विश्व में समाज की महान सेवा कर रहा है: पीयूष गोयल-** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण और कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल ने आज कहा कि बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) का स्वामीनारायण मंदिर दुनिया भर में समाज की महान सेवा कर रहा है। वे लॉस एंजिल्स में स्वामीनारायण मंदिर के दर्शन के बाद भारतीय समुदाय को संबोधित कर रहे थे।

लॉस एंजिल्स में स्वामीनारायण मंदिर परिसर की सुंदरता की प्रशंसा करते हुए और इसके अस्तित्व के 10 साल पूरे होने पर बधाई देते हुए, पीयूष गोयल ने कहा कि इस क्षेत्र में मंदिर की मौजूदगी यहां भारतीयों की उपस्थिति और लॉस एंजिल्स के क्षेत्र में विकास और प्रगति को लेकर भारतीय लोगों के योगदान की परिचायक है।

प्रमुख स्वामी महाराज को उनकी सौवीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, गोयल ने कहा कि यह दुनिया भर में हम सभी के लिए एक बहुत ही खास अवसर है, जिन्होंने उनका आशीर्वाद प्राप्त किया है और उनसे अच्छाई सीखी है। यह याद दिलाते हुए कि उन्हें वर्षों से प्रमुख स्वामी महाराज जी के विभिन्न कार्यक्रमों के साथ एक विशेष संबंध रखने का सौभाग्य मिला है, गोयल ने कहा कि उन्हें कई साल पहले मुंबई में प्रमुख स्वामी महाराज की 75वीं वर्षगांठ समारोह में सक्रिय रूप से भाग लेने का मौका मिला था।

गोयल ने कहा कि उन्हें हमेशा दुनिया भर में स्वामीनारायण मंदिरों के दर्शन करने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने यह भी कहा कि लॉस एंजिल्स में मंदिर को बहुत ही अनोखे और भव्य रूप से योजनाबद्ध करते हुए क्रियान्वित किया गया था। उन्होंने कहा कि इस मंदिर में जाने पर अपने आप में आध्यात्मिकता की बहुत ही अनोखी अनुभूति होती है।

पीयूष गोयल ने कहा कि हिंदुओं को एक साथ रखने और हिंदू धर्म की भावना को दुनिया भर में देदीप्यमान और प्रवाहमय बनाने में बीएपीएस का योगदान अमूल्य है। उन्होंने कहा कि जब लोग भारत से बाहर गए और जीवन के भौतिक पहलुओं का अनुभव किया, तो अगली पीढ़ी को मातृभूमि से जुड़ाव खोते देखा गया। लेकिन जहां भी स्वामीनारायण मंदिर स्थापित किया गया है, वहां आध्यात्मिकता पनपती है और अगली पीढ़ी मातृभूमि से अपना जुड़ाव बनाए रखती है। वे बहुत अच्छी आदतों और तौर-तरीकों को विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए, यह संस्था पूरे विश्व में बड़े पैमाने पर समाज की सेवा कर रही है।